आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री मोदी ने महाअष्टमी और महानवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी, माँ दुर्गा से सभी के संकल्प पूरे होने की प्रार्थना की।
- अंडमान–निकोबार में 12 नवंबर से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, 11 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे–आपत्तियां।
- अफ्रीकन स्वाइन फीवर के प्रसार को रोकने के लिए प्रशासन सतर्क, सूअरों से दूर रहने और बीमार या मृत पशु दिखने पर तुरंत सूचना देने की अपील।
- राजधानी श्री विजयपुरम् में 24 अक्टूबर से तीसरा आइलैंड कोकोनट फेस्टिवल का शुभारंभ होगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाअष्टमी के अवसर पर देवी महागौरी की पूजा–अर्चना की। देवी महागौरी त्याग और तपस्या की प्रतीक हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कामना की कि देवी के आशीर्वाद से सभी का भविष्य उज्ज्वल हो, हर कोई यश और वैभव प्राप्त करे। एक संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए, प्रधानमंत्री ने बताया कि जो भक्त पूरी श्रद्धा के साथ देवी दुर्गा का स्मरण करते हैं, उनके जीवन में उन्नति और समृद्धि आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महानवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की कि देवी अपने सभी भक्तों को उनके संकल्प पूरे करने का आशीर्वाद दें। श्री मोदी ने माता सिद्धिदात्री के चरणों में नमन भी किया।

<><><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग ने अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. अपूर्व शर्मा ने पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की है। मतदाता सूची का प्रारूप 12 नवंबर को प्रकाशित होगा। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक रहेगी। इनका निपटारा 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 4 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। 1 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिक, जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को अर्हता आयु पूरी करने वाले भावी मतदाता भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। नाम जुड़वाने, हटाने या विवरण में संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्र 6, 7 और 8 के माध्यम से संबंधित बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय अथवा ऑनलाइन पोर्टल voters.eci.gov.in और ECINET ऐप के जरिए आवेदन किया जा सकता है। सहायता के लिए टोल–फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से भी पात्र मतदाताओं के पंजीकरण में सहयोग की अपील की है।

<><><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने अफ्रीकन स्वाइन फीवर के प्रसार को रोकने के लिए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। श्री विजयपुरम नगरपालिका की ओर से जारी चेतावनी में लोगों को सूअरों को छूने, उन्हें खाना खिलाने से बचने की सलाह दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बीमार या मृत सूअर को न छुएं और न ही उसके शव को हटाने का प्रयास करें। सूअरों को रसोई का कचरा न खिलाएं। सूअर फार्म में जाने, सूअरों की खरीद–बिक्री और उन्हें लाने ले जाने से भी बचें। मृत सूअरों के शव या सूअर के मांस को समुद्र, नालों अथवा जल निकासी क्षेत्रों में फेंकने से मना किया गया है। विभाग के अनुसार, अफ्रीकन स्वाइन फीवर सूअरों के लिए घातक बीमारी है, लेकिन इससे मनुष्य और अन्य पशु संक्रमित नहीं होते। हालांकि, मनुष्य अपने

हाथों, जूतों, कपड़ों और वाहनों के माध्यम से वायरस को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाकर सूअरों में संक्रमण फैला सकते हैं। इसलिए सूअरों के संपर्क में आने के बाद हाथों को साबुन से धोने तथा जूते और कपड़े साफ रखने की सलाह दी गई है। बच्चों को भी सूअरों से दूर रखने को कहा गया है। बीमार या मृत सूअर दिखाई देने पर तुरंत 03192–231179 या 112 पर सूचना दें। विभाग ने लोगों से संक्रमण की रोकथाम में सहयोग करने और जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम के प्रदर्शनी मैदान में तीसरे आइलैंड कोकोनट फेस्टिवल का 24 और 25 अक्टूबर को आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस उत्सव का मुख्य विषय 'नारियल, संस्कृति, खानपान और द्वीपों के हस्तशिल्प का उत्सव' है। उत्सव में बच्चों के लिए नारियल आधारित चित्रकला एवं हस्तशिल्प कार्यशालाएं, महिला–पुरुष वर्ग में नारियल छिलका उतारने की प्रतियोगिता, नारियल से बने व्यंजनों की पाक कला प्रतियोगिता तथा नारियल आधारित कला एवं हस्तशिल्प प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को तैयार पकवान लाना होगा, जबकि मौके पर केवल सजावट की अनुमति होगी। खाद्य कारोबारियों, होटल संचालकों, कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, गैर–सरकारी संगठनों और सांस्कृतिक संस्थाओं से अपने उत्पाद एवं व्यंजन प्रदर्शित करने के लिए स्टॉल आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पर्यटन निदेशालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर है। प्रतियोगिताओं के पंजीकरण के लिए मोबाइल नंबर 7063–970–389 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा मामले विभाग, अंडमान–निकोबार प्रशासन की ओर से 31 अक्टूबर को साइकिल रैली और 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। ओपन साइकिल रैली सुबह 6 बजे और 'रन फॉर यूनिटी' शाम 6 बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होगी। दोनों आयोजन कार्बिन्स कोव तक जाएंगे और वापस नेताजी स्टेडियम में समाप्त होंगे। रन फॉर यूनिटी में शिक्षा विभाग एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 500 विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है। कार्यक्रम श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद, जिला परिषद और अन्य विभागों के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे अंडमान–निकोबार प्रशासन के सभी कार्यालयों, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद, जिला परिषद और अन्य सहभागी संस्थानों में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। आयोजकों ने विद्यार्थियों, युवाओं और आम जनता से इन कार्यक्रमों में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव का संदेश मजबूत करने की अपील की है।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम ने आयुष मंत्रालय और सी आई एस एफ के बीच हुए समझौते के तहत जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम एवं प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत पिछले दिनों हैड्डो व्हार्फ स्थित सी आई एस एफ इकाई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर और योग सत्र आयोजित किया गया। वहीं, डॉलीगंज स्थित सी आई एस एफ इकाई, इस्ट्रैक/इसरो में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में 30 कर्मियों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य सी आई एस एफ कर्मियों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करना है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के पैनल तैयार करने की प्रक्रिया 27 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी आवेदकों से निर्धारित तिथि को सुबह 9:30 बजे आकाशवाणी केंद्र में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>